
तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026


10 बेमौसम बारिश और तूफान का कहर, किसान चिंतित


12 बूथ स्तर पर सशक्त संगठन ही भाजपा की वास्तविक...



## खबर संक्षेप



### 105 पौवा शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अभनपुर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की गई है, जिसके बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि अभनपुर ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर ईश्वर धीवर (38 वर्ष, निवासी सारखी) को धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 70 पौवा देशी शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7,000 रुपए बताई जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने ग्राम सातपारा में भी दबिश दी। यहां योगेश पहाड़ी (23 वर्ष) को अवैध शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के पास से 35 पौवा देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल 105 पौवा शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। अभनपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। गिरफ्तारी के पश्चात दोनों को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### विडंबना : जिले के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण लालटेन युग में जीने मजबूर

# सरहदी गांवों में 26 साल बाद भी लालटेन के भरोसे कट रही रातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

■ ओड़िशा के ग्रामों के बिजली की चमक छत्तीसगढ़ के गांवों से दिखाई देती है

आज कोई भी व्यक्ति बिजली के बगैर जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकता लेकिन छत्तीसगढ़ प्रदेश के गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ओड़िशा सीमा से लगे दर्जन भर से ज्यादा आदिवासी बहुल्य गांव पारा टोला ऐसे है जहां राज्य निर्माण के 26 वर्षो बाद भी बिजली की रौशनी नहीं पहुंची है और घनघोर जंगल के अंदर ग्रामीण अंधेरे में लालटेन के सहारे जीवन यापन करने मजबूर हो रहे हैं। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि ओड़िशा सीमा से लगे मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम गरीबा, कोदोमाली, गौरगांव और आसपास के दर्जनों ग्रामों से शाम होते ही अंधेरे के आगोश में समा जाते हैं और यहां के ग्रामीणों को लालटेन की रोशनी में जीवन यापन करना पड़ता है। ठीक इसके विपरित हमारे क्षेत्र से लगे ओड़िसा के ग्रामों में बिजली की रौशनी चमकते दिखाई देते है। हमारे क्षेत्र के ग्रामों में आज तक बिजली नहीं लग पाई है। ग्राम गरीबा से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर ओड़िशा प्रदेश के पहला ग्राम धरमपुरा पड़ता है जहां चकाचक बिजली की रौशनी शाम होते ही दिखाई देती है ठीक इसके विपरीत हमारे गरियाबंद जिले के अंतिम छोर में बसा एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों में आज तक बिजली नहीं लगाई जा सकी है जिसके कारण यहां के ग्रामीणों को रात के अंधेरे दूर करने के लिए आज भी चिमनी और लालटेन का सहारा लेना पड़ रहा है। कहने को तो इन ग्रामों में क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले सौर प्लांट लगाए गए हैं लेकिन अधिकांश ग्रामों में सौर प्लांट की स्थिति बेहद खराब हो गई ▶▶|शेष पेज 10 पर



#### विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि बिजली विहीन ग्रामों में बिजली लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को स्वयं मांगपत्र सौप चुका हूं और इन ग्रामों का सर्वे भी हो चुका है। उम्मीद है इस दिशा में राज्य सरकार कोई ठोस कदम उठायेगी।

#### डबल इंजन की सरकार बनने से अब इन गांवों में बिजली पहुंचने की उम्मीद

हरिभूमि की टीम ने ओड़िशा सीमा से लगे बिजली विहीन ग्राम भुतबेड़ा, कुचेंगा, मोतीपानी, गरीबा, भाठापानी, कोदोमाली, साहेबिनकछार, नागेश, करलाझर, गौरगांव, लाटापारा, गरहाडीह आदि ग्रामों का जायजा लिया तो यहां के ग्रामीणों ने बताया की मैनपुर मुख्यालय से लगभग 35 से 40 किमी की दूरी पर ओड़िशा सीमा पर यह गांव या इनके पाराटोला बसा हुआ है। जहां आज तक बिजली नहीं लग पाई है। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली लगाने की मांग को लेकर दर्जनों बार आंदोलन चक्काजाम तक कर चुके है सौर ऊर्जा लगाया गया है लेकिन उसकी स्थिति बेहद ही खराब हो चुकी है। इस क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को लालटेन की रौशनी पढ़ाई लिखाई करना मजबूरी बन गया है। पंखा कूलर टीवी आज भी लोगों के लिए किसी सपने से कम नहीं है क्योंकि बिजली की रौशनी के बगैर इन सुविधाओं का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया की अब छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार है और केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है साथ ही पड़ोसी राज्य ओड़िशा में भी भाजपा की सरकार है डबल इंजन की सरकार बनने से आदिवासी क्षेत्र के लोगों में बिजली की रौशनी गांव तक पहुंचने की उम्मीद बंधी हुई है।

क्षेत्र के सरपंच दीनाचंद मरकाम, गोना के पूर्व सरपंच सुनील मरकाम, फरसुराम नेताम, धन्नु नेताम ने बताया की क्षेत्र के लोगों ने बिजली लगाने की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है ग्रामीणों ने बताया पहले ओड़िशा में दूसरे पार्टी की सरकार थी और छत्तीसगढ़ में भी दूसरे पार्टी की जिसके कारण बिजली ओड़िशा से लाने में दिक्कत हो रही थी ग्रामीणो का मामना है अब केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है और तो और ओड़िशा में भी भाजपा की सरकार है छत्तीसगढ़ के बिजली विहीन ग्रामो से आधा किलोमीटर दूर ओड़िशा के गांवो में बिजली लगा है इसलिए ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ के इन बिजली विहीन ग्रामो में बिजली पहुंचाई जायेगी।

# 4 माह में ट्रैक्टरों से एक दर्जन से अधिक हादसे एसपी से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर देवभोग क्षेत्र में इन दिनों वाहन दुर्घटनाएं बढ़ गई है अधिकांश मामले में देखने को मिल रहा है कि वाहन चालक नवसीखिया और ड्राईविंग लाईसेंस के बगैर तेज रफ्तार वाहन दौड़ा रहे है जिसके कारण दुर्घटनाए बढ़ रही है नगर सहित क्षेत्र के ग्रामीण इलाको से लगातार शिकायत आ रही है कि अधिकांश ट्रेक्टर इन दिनो अनियंत्रित गति से चल रहे है जबकि ट्रेक्टर को अचानक कन्ट्रोल नहीं किया जा सकता उसके बावजूद मैनपुर नगर के भीतर तेज रफ्तार ट्रेक्टर दौड़ रही है जिससे आए दिनों दुर्घटनाए सामने आ रहे हैं। स्कूली बच्चों के स्कूल आते जाते समय में भी वाहन चालक तेज रफ्तार वाहनो को दौड़ा रहे है जिसमें अधिकांश नवसीखिया वाहन चालक है जिसका जांच किया जाए तो अधिकांश वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते दिखाई देते हैं साथ ही उनके पास ड्राईविंग लाइसेंस भी नहीं है और तो और अधिकांश वाहनों के कागजात भी पूरे नहीं है। मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के वरिष्ठजनों ने गरियाबंद पुलिस अधिक्षक वेदव्रत सिरमोर से मांग किया है कि तेज रफ्तार वाहन चालकों पर कार्यवाही किया जाए। साथ ही उनके लाईसेंस व कागजात की जांच किया जाए। मैनपुर




देवभोग क्षेत्र में 04 माह के भीतर अनियंत्रित तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक ट्रेक्टर दौड़ाने के कारण एक दर्जन से भी ज्यादा दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किये गए है। इसके बावजूद भी इससे सबक लेने के बजाय वाहनो की रफ्तार बढ़ती जा रही है नगर के भीतर गली मोहल्ले में बेहद अनियंत्रित गति से कुछ ट्रेक्टर चालकं वाहन दौड़ा रहे है जिसको लोगो ने कई बार रोक कर टोक चूके है तथा उन्हे नसीहत भी दिया गया है बावजूद इसके कोई गंभीर दुर्घटना की इंतिजार किया जा रहा है।

#### मैनपुर सहित मुख्य गांव में स्टापर लगाने की मांग

मैनपुर देवभोग मार्ग में ट्रक से लेकर छोटे वाहन तक तेज गति से फर्राटे भर रहे है जिसके कारण दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। नगर की स्कूल व अन्य ग्रामों जो नेशनल हाईवे किनारे स्कूलों व मुख्य चौक चौराहों में स्टापर लगाने की मांग ग्रामीणों व क्षेत्र के लोगों ने किया है। क्षेत्र के वरिष्ठजनों ने गरियांबंद जिला के पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमोर, एसडीओपी मैनपुर ओमप्रकाश खुजूर एवं थाना प्रभार मैनपुर शिव शंकर हुर्रा से मांग किया है कि लापरवाही पूर्वक वाहन अनियंत्रित गति से चलाने वालों पर कार्यवाही किया जाय साथ ही लाइसेंस व कागजात की जांच किया जाए।

# प्रधानपाठक कक्ष का निर्माण 14 साल के बाद भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम पंचायत दादरगाव नया और कुडेरादादर सहित क्षेत्र में वर्ष 2010 को शासन द्वारा हर स्कूलों में प्रधानपाठक कक्ष का निर्माण करा रहे थे। मगर 14 साल बाद भी यहां प्रधानपाठक कक्ष आज भी पूर्ण नहीं हुआ है। सरकार शिक्षा के नाम पर लाखों रुपए खर्च करती है और सर्व शिक्षा अभियान चलाकर बच्चों एवं पालकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास करतीं हैं। किंतु जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।जो निर्माण कार्य मात्र ▶▶|शेष पेज 10 पर

#### जंग खा रहे दरवाजे और खिड़कियां

जानकारी के अनुसार यह प्रधानपाठक कक्ष राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत स्वीकृत प्रदान किया गया था। जिसकी एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया। यह भवन पुरा नही होने से वहां पर लगी खिड़की, दरवाजा बारिश में भीगकर जंग लगकर टूट चुके हैं। अगर ऐसी स्थिति रही तो आने वाले दिनों में न खिड़की रहेगी न दरवाजा। जानकारी के अनुसार ऐसी कई जगहों पर यहां कक्ष अधूरा पड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि इस प्रधानपाठक कक्ष उसी समय का है जो रसेला में पूर्ण निर्माण किया गया है। आज वहां पर प्रधानपाठक सहित सभी शिक्षकगण कार्य कर रहे हैं। अगर शासन चाहे तो किसी मद की पैसा निकालकर इस अधूरे कक्ष को पूरा करवा सकते हैं। मगर शासन भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किस प्रकार से कर रहे हैं। वैसे तो जब कभी किसी बिल्डिंग का स्टीमेट बनता है तो उसकी लागत के हिसाब से स्वीकृत जारी की जाती है। फिर यह बिल्डिंग में स्टीमेट के हिसाब से राशि जारी की गई थी तो इसका काम ढलाई और छबाई का काम अभी तक बाकी क्यों रहा। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बृजलाल नेताम, उपाध्यक्ष कमला बाई नेताम, सदस्य डलेश्वर, अशोक ठाकुर, शोभित राम, निरंजन सहित पालकगण ने शासन प्रशासन से मांग की है यहां कक्ष को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाएं।

# महुआ बीनने गए ग्रामीण पर भालू का जानलेवा हमला

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम करचाली निवासी 55 वर्षीय उत्तम साहू (पिता पोटूराम साहू) पर रविवार सुबह जंगल में भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, उत्तम साहू सुबह करीब 6 बजे महुआ बीनने जंगल गए थे। इसी दौरान उनका सामना दो भालुओं से हो गया। भालू को आते देख उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए पास के पेड़ पर चढ़ने की कोशिश की, लेकिन तभी भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान भालू ने उनके दाहिने पैर को मुंह में पकड़ लिया, जिससे पैर के ऊपर और नीचे दोनों हिस्सों में गंभीर चोट आई। बताया जा रहा है कि भालू के तीन दांत उनके पैर में गहरे धंस गए। घटना के समय आसपास मौजूद ग्रामीणों के शोर मचाने पर भालू जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद घायल उत्तम साहू को ग्रामीणों की मदद से सुबह लगभग 7 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़मा ले जाया गया, जहां सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महावीर प्रसाद बरगाह द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। यह घटना वन परिक्षेत्र फिंगेश्वर के अंतर्गत आने वाले जंगल की है। वन विभाग द्वारा लगातार मुनादी कर ग्रामीणों को जंगल में जाने से मना किया जा रहा है, बावजूद इसके लोग महुआ बीनने के लिए जंगल जा रहे हैं और अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। घायल उत्तम साहू ने शासन-प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।








### चंपारण क्षेत्र, खेतों में बिछी हरियाली की चादर

# रबी धान की सुनहरी बालियों से जगी बंपर पैदावार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नवापारा से लगे चंपारण क्षेत्र में इन दिनों खेतों का नजारा मन मोह लेने वाला है। जहां तक नजर जाती है, वहां तक हरियाली की चादर बिछी हुई है और हवा के झोंकों के साथ लहलहाती धान की बालियां सुकुन का अहसास कराती हैं। यह दृश्य न केवल प्रकृति की सुंदरता को दर्शाता है, बल्कि किसानों की मेहनत और उम्मीदों की भी जीवंत तस्वीर पेश करता है। इसी क्षेत्र के प्रगतिशील किसान सोभाराम साहू के खेत इन दिनों विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उनके खेतों में रबी सीजन की धान फसल पूरी तरह से लहलहाती रही है। धान की बालियों का इस तरह झूमना इस बात का संकेत है कि इस बार उनकी मेहनत रंग लाई है। महीनों की कड़ी मेहनत, समय पर सिंचाई, उर्वरक प्रबंधन और देखभाल का परिणाम अब साफ दिखाई देने लगा है। किसान सोभाराम साहू बताते हैं कि इस बार मौसम ने शुरूआत में थोड़ा साथ दिया, जिससे फसल की बढ़वार अच्छी रही। हालांकि अब जैसे-जैसे फसल के पकने का समय नजदीक आ रहा है तो किसानों की नजरें आसमान पर टिकी हुई हैं। अप्रैल का यह महीना अप्रत्याशित रूप से मौसम में परिवर्तन होते दिख रहा है, जिससे फसल को नुकसान होने की आशंका भी बन सकती है। ऐसे में किसान उम्मीद कर रहे हैं कि मौसम अनुकूल बना रहेगा तो उनकी मेहनत पर पानी नहीं फिरेगा।

**संसाधनों के दम पर ली ग्रीष्मकालीन फसल-** अब सबकी निगाहें मौसम पर टिकी हैं, जो तय करेगा कि इस सुनहरी फसल की मुस्कान कितनी लंबी टिकेगी। रबी धान की यह हरियाली और सुनहरी बालियां किसानों के सपनों को साकार करने की ओर बढ़ रही हैं। अगर मौसम ने साथ दिया, तो यह सीजन ▶▶|शेष पेज 10 पर

#### अप्रैल अंत से शुरू हो सकती है कटाई

विशेषज्ञों और स्थानीय किसानों के अनुसार, यदि मौसम सामान्य रहा तो कुछेक क्षेत्रो में अप्रैल के अंतिम सप्ताह से धान की कटाई शुरू हो सकती है। वहीं अनुमान है कि 15 मई तक पूरे चंपारण क्षेत्र में रबी धान की कटाई का कार्य लगभग पूर्ण हो जाएगा। इस बार उत्पादन भी बेहतर रहने की संभावना जताई जा रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद है। खेतों में लहराती यह फसल न केवल किसानों के लिए खुशियों का संदेश लेकर आई है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की समृद्धि का संकेत भी दे रही है।

# कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को भाजपा मंत्रियों-विधायकों के साथ मंच साझा करना प्रतिबंधित

## रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा- पार्टी अनुशासन को बनाए रखने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने पार्टी अनुशासन को बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच, जनपद सदस्य सहित सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों को छोड़कर, रायपुर जिले के समस्त अन्य कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि अब से किसी भी हालत में जिले के भाजपा विधायकों, मंत्रियों या अन्य प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ सार्वजनिक मंच साझा करना या उनके द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम समारोह में भाग लेना पूर्णतः वर्जित रहेगा। श्री बंजारे ने कहा, चुने हुए जनप्रतिनिधि केवल सरकारी कार्यक्रमों में ही औपचारिक रूप से भाजपा मंत्रियों-विधायकों के साथ मंच साझा कर सकते हैं। सरकारी कार्यक्रमों के अलावा किसी भी गैर-सरकारी कार्यक्रम, समारोह, सार्वजनिक मंच या भाजपा द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में भाग लेना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएगा और ऐसे में उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, चुने हुए जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी कार्यक्रमों में भी जहां भाजपा के विधायक या मंत्री कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आदतन गलत बयानबाजी करते हैं, कांग्रेस को कोसते हैं या पार्टी की छवि खराब करने वाले बयान देते हैं, ऐसे कार्यक्रमों में जाने से पूर्णतः परहेज करें। ऐसी स्थिति में औपचारिकता का बहाना बनाकर भी मंच साझा करने या उपस्थित रहने से बचना चाहिए।



### होगी कड़ी कार्रवाई

उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी अनुशासन की मिसाल है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को छोड़कर यदि कोई भी नेता, पदाधिकारी या कार्यकर्ता इस सख्त निर्देश की अवहेलना करता है, तो उससे तुरंत लिखित स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन या पार्टी से बाहर करने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

### सख्ती से करें पालन

चुने हुए जनप्रतिनिधि भी यदि सरकारी कार्यक्रमों के अलावा किसी अन्य कार्यक्रम में भाजपा नेताओं के साथ मंच साझा करते हैं या कांग्रेस विरोधी बयानबाजी वाले माहौल में भाग लेते हैं, तो वे भी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएंगे और उनके विरुद्ध समान कार्रवाई की जाएगी। पार्टी अब किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह की कि वे इस निर्देश का सख्ती से पालन करें। पार्टी की एकता, विचारधारा और साख बनाए रखना हर कांग्रेसजन का सर्वोच्च दायित्व है। कोई भी अनुशासन भंग करने वाला कार्यकर्ता या नेता पार्टी की नजरों में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### राजस्व मंत्री से मिला आरआई एसोसिएशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ की नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी ने प्रांताध्यक्ष प्रशांत दुबे के नेतृत्व में राजस्व मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान संघ की समस्यों और मांगों पर सार्थक चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से डीपीसी उपरांत 42 लोगों की पदोन्नति सूची जारी करने के बाद शेष बचे 14 लोगों का पूरक पदोन्नति सूची जारी करने के लिए निवेदन किया गया, जिस पर मंत्री सहमति दी। वर्तमान बजट में संसाधन भत्ता के लिए प्रावधानित 1.25 करोड़ की राशि को राजस्व निरीक्षकों को दिये जाने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव विजय कुमार शर्मा, उपकोषाध्यक्ष राजकुमार साहू, कार्यकारणी के अन्य सदस्य पवन कश्यप,महेश साहू,शेख समीर, गोपाल प्रधान, जिला दुर्ग से जिला पदाधिकारी कैलाश साहू, राकेश वर्मा, सत्येंद्र कन्नौजे उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान जिला स्तरीय बैठक हुई

**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में हुई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, निजी अस्पताल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला, आईएमए के पूर्व रायपुर अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, फोगसी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका पाठक,सहित जिले के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। टीबी नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण में आयुष्मान आरोग्य शिविरों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही निजी अस्पतालों से संभावित टीबी मरीजों की जानकारी साझा करने, एक्स-रे जांच कराने एवं "निक्षय मित्र" के रूप में सहभागिता करने की अपील की गई। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

# बेमौसम बारिश और तूफान का कहर, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शनिवार को हुई आंधी तूफान और बारिश के बाद फिर रविवार को सुबह 9 बजे आंधी -तूफान के साथ बादलों की गड़गड़ाहट के साथ मौसम ने करवट बदली और बारिश शुरू हो गई। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं मौसम की स्थिति के कारण अधिकतर लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं। वहीं दूसरे दिन हुईं बरसात के कारण अब किसान भी पूरी तरह से चिंतित दिखाई दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि फसल की बोआई का काम पूर्ण हो चुका है ,मगर रोज रोज हो रहें बारिश से फसलों को नुक़सान हो रहा है। बता दें कि क्षेत्र में सुबह से शाम तक मौसम सामान्य और धूप खिली हुई थी, लेकिन शाम होते ही आसमान में काले बादल छा गए करीब 14 से 15



किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने लगी। धूल भरी हवाओं के कारण लोग घरों में कैद हो गए। बिजली भी बंद हो गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक हल्की बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। किसानों और आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मई की शुरुआत से ही मौसम लगातार बदल रहा है। कहीं तापमान बढ़ रहा है तो कहीं बारिश हो रही है। तेज हवाएं और आंधी भी कड़ा इम्तिहान ले रही है। इस मौसमी कहर ने न केवल जनजीवन को प्रभावित किया बल्कि आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों पर भी गहरा असर डाला है। पर्यावरण विशेषज्ञ ने इसे जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत बताया है। उनका कहना है कि यदि अब भी पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस और कारगर कदम नहीं उठाए गए, तो इस तरह की घटनाएं बार बार होगी और उनकी तीव्रता भी बढ़ती जाएगी। यह प्राकृतिक आपदा एक चेतावनी है कि हम प्रकृति के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, उसका जवाब वह अपने तरीके से दे रही है। लेकिन भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए दीर्घकालिक योजना की जरूरत है।

# मलगांव मंडल में संगठन सृजन अभियान की बैठक, बूथ स्तर पर सौंपी बड़ी जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत, वार्ड एवं बूथ कमेटी गठन को लेकर मालगांव मंडल की महत्वपूर्ण बैठक कोचवाय (दर्रीपारा) में आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित मिरी ने किया। बैठक में पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों का गठन किया गया तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल पांडेय, जिला सचिव प्रभारी यशवंत सोरी, महेंद्र सिंह राजपूत, ब्लॉक उपाध्यक्ष रमेश मेश्राम, मनीष ध्रुव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष नंदू गोश्वामी, भानु सिन्हा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा सेक्टर अध्यक्ष जितेश्वर साहू, दवेश सिन्हा, ढाल सिंह साहू, चंद्रशेखर यादव, शंकर ठाकुर, राजा ध्रुव, ओंकारेश्वर, दिनेश ध्रुव, उत्तम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में सभी ने संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लिया।



### भाजपा स्थापना दिवस के पूर्व राम जानकी मंदिर खट्टा में चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** सिरपुर पटेवा मंडल में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पूर्व ग्राम खट्टा में अनेक जगह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर परिसर एवं गली की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्थापना दिवस की उत्साहपूर्वक मनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से दिशा रामस्वरूप दीवान जनपद अध्यक्ष महासमुंद, गौरी दीवान महामंत्री, किरण सेन, देवकुमारी निषाद, तेजस्विनी दीवान, पिंकी दीवान, तुलसी दीवान, उर्मिला दीवान, नमेश्वरी सेन, गजेंद्र दीवान, बूथ अध्यक्ष दयानंद दीवान, गुमान दीवान, जयशंकर पैकरा, गैंद प्रसाद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सरकारी सिस्टम की बेरुखी, 8 वर्षीय दिव्यांग धारणी आज भी सुविधाओं के लिए मोहताज

**रसेला।** ग्राम पंचायत रसेला के टेप्पापारा निवासी धर्मेन्द्र ठाकुर के बेटी धारणी दिव्यांग को अभी तक सहकारी योजना के लाभ पाने इधर उधर भटक रहा है। दिव्यांग लड़की के पिता ने बताया कि जब उनकी बेटी छोटी थी, तब भी वो भी कई बार प्रशासन से सहायता मिलने की मांग करी, लेकिन इसका सुनने वाले कोई नहीं। धारणी जो कि पैदाइशी दिव्यांग है, उसके माता-पिता का आरोप है कि दिव्यांग लड़की को शासन प्रशासन की तरफ से कोई भी सुविधा नहीं दी जा रही है। लड़की के माता जमुना ठाकुर का कहना है कि उनकी बेटी की उम्र 8 वर्ष है और कक्षा 2 में पढ़ती है। लेकिन आज तक उसे सरकार या प्रशासन की तरफ से किसी भी आधिकारिक योजना या आर्थिक सहायता का लाभ नहीं दिया गया है। माता ने बताया कि धारणी मुश्किल घर से स्कूल पहुंचती है। या हर रोज उसे स्कूल छोड़ने जाते हैं। वैसे तो सरकार हर दिव्यांग बच्चे को सुविधाएं प्रदान करतीं हैं, लेकिन



किसी भी अधिकारी से जान पहचान न होने के चलते वो अपनी बेटी को उसका हक दिला पाने में असक्षम है। सरकार द्वारा दिव्यागो को साइकिल वाली व्हीलचेयर मिलती है, और पेंशन भी दिया जाता है लेकिन उनकी बच्ची को अबतक ऐसा कुछ भी नहीं दिया गया है। पिता ने कहा आर्थिक समस्याओं के चलते वो अपनी बेटी के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने वैसे तो दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कई तरह की योजनाओं को चला रखा है, लेकिन इसका लाभ धारनी को नहीं मिल पाया है। विकलांग पेंशन योजना के अंतर्गत राज्य सरकार और केंद्र द्वारा 650 रूपए प्रति माह की धनराशि भी प्रदान की जाती है। दिव्यागो को रोजगार से लेकर उनकी दिव्यागता से जुड़ी जरूरी सहुलियत प्रदान करने के लिए भी सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। परंतु फिर भी रसेला की रहने वाली इस दिव्यांग लड़की आज भी इन सुविधाओं से वंचित क्यों है।

# राशन दुकानों में नहीं पहुंचा चावल, सरकार 3 माह का चावल देने का प्रोपोगंडा कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 7 अप्रैल से राशन दुकानों से एकमुश्त तीन माह का चावल दिये जाने पर सवाल खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पिछले पांच महीने से सरकार राशन दुकानों को नियमित राशन तो पहुंचा नहीं पायी है। हकीकत यह है कि अभी तक दुकानों में मात्र 30 प्रतिशत चावल ही उपलब्ध है। भारतीय जनता पार्टी सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से पीडीएस के स्टॉक का भौतिक सत्यापन ही नहीं हो रहा है। सहकारी सोसाइटी और उपभोक्ता दुकानें भाजपा के नेताओं के लिए चारागाह बना दिया गया है। गरीबों के राशन में घोटाला कर चावल दूसरे राज्यों में बेचा जा रहा है।

उन्होंने कहा, यह सरकार का जनविरोधी कदम है, सरकार नहीं चाहती कि सभी को राशन देना पड़े, इसलिए केवाईसी का बहाना कर



- नहीं हो रहा पीडीएस का भौतिक सत्यापन, उपभोक्ता दुकानें भाजपा के नेताओं के लिए चारागाह बनीं- कांग्रेस

राशन वितरण रोक दिया गया है। 32 लाख उपभोक्ताओं के राशन कार्ड केवाईसी के नाम पर काट दिया गया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार के दौरान पीडीएस की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पूरे देश में चर्चित थी, 81 लाख परिवार का राशन कार्ड बनाया गया स्थानीय निकाय ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निगमों में सामान्य सभा में सूची प्रकाशित करके दावा आपत्ति मंगाने के बाद अनुमोदन के आधार पर राशन कार्ड जारी किए गए।

# बृजमोहन की फ्लाईओवर के स्थान पर तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण की सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के स्थान पर सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में लिखा है कि यह मार्ग शहर के मध्य स्थित अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम क्षेत्र है, जहां घनी आबादी और व्यावसायिक गतिविधियों के कारण यातायात का अत्यधिक दबाव बना रहता है। उन्होंने कहा, पूर्व में मुख्यमंत्री स्वयं इस मार्ग के चौड़ीकरण के पक्ष में निर्णय ले चुके हैं, लेकिन वर्तमान बजट में फ्लाईओवर निर्माण की घोषणा से आमजन में असंतोष व्याप्त है। श्री अग्रवाल ने बताया, मात्र 600-700 मीटर का यह हिस्सा ही जीई रोड का ऐसा भाग है, जो अब तक चौड़ीकरण





से वंचित है और वर्तमान में "बॉटलनेक" बनकर पूरे शहर के यातायात को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संकीर्ण और घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण न केवल अप्रभावी सिद्ध होगा, बल्कि स्थानीय व्यापार एवं संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि सड़क चौड़ीकरण की मांग वर्षों से की जा रही है और इसे नगरीय निकाय चुनाव 2025 के "अटल विश्वास पत्र" में भी शामिल किया गया था। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई, जो चिंता का विषय है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का पूरा दारोमदार आम कार्यकर्ताओं पर निर्भर : किशोर देवांगन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा मंडल द्वारा सारागांव के कस्तूरबा ट्रस्ट भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान प्रशिक्षण में वक्ता के रूप में नवापारा के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने बूथ प्रबंधन पर कहा कि चुनाव जीतने में बूथ की भूमिका ठीक वैसी ही है, जैसी कि मकान बनाने में नींव की रहती है। नींव जितना मजबूत रहेगा, मकान उतना ही मजबूत बनेगा। इसी प्रकार बूथ जितना मजबूत रहेगा, पार्टी की उपस्थिति दमदार और जीत की संभावना प्रबल होगी। श्री देवांगन ने कहा कि चुनाव में पार्टी प्रत्याशी अपने दम पर नहीं जीतता बल्कि बूथ कमेटी में शामिल पदाधिकारियो व सदस्यो की कड़ी मेहनत एवं स्मार्ट प्रबंधन से जीत सुनिश्चित होती हैं। यही वजह है कि बूथ कमेटियों को सशक्तता प्रदान करने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रशिक्षण महाभियान चलाया जा रहा है। क्योंकि समय के साथ प्रतिद्वंदी पार्टियां अपनी रणनीति को अपडेट करती रहती हैं, जिससे मुकाबला करने के लिए भाजपा की बूथ कमेटियों को भी अपडेट किया जाना अत्यंत अनिवार्य है। श्री देवांगन ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता यह सोचकर पूरी लगन, मेहनत व ईमानदारी से काम करता है कि उनके सहयोग से जीता हुआ प्रत्याशी पूरी ईमानदारी से जनहित में कार्य करते हुए समाज, प्रदेश व देश की सेवा करेगा। इन कार्यकर्ताओं की कोई पृथक से महत्वाकांक्षा नहीं होती। यही भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेषता है।

### राजस्व विभाग की लापरवाही से पंजीकृत किसानों की गिरदावरी की एंट्री नहीं

# पंजीयन के पहले ही गिरदावरी पोर्टल लॉक पीएम आशा योजना के लाभ से किसान वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के रबी दलहन-तिलहन उत्पादक किसानों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये पीएम आशा योजना का लाभ लेने से अनेकों किसान वंचित हो गये हैं। बताया गया है कि किसान पंजीयन पोर्टल के पहले ही गिरदावरी पोर्टल को लाक करने के कारण ऐसा हुआ है।

किसान पंजीयन के लिए शासन ने अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी, लेकिन इसके पहले ही गिरदावरी पोर्टल विभागीय तालमेल न होने की वजह से बीते 26 मार्च से बंद हो गया है, जिसके चलते क्राप सर्वे की एंट्री नहीं हो पा रही। ज्ञातव्य हो कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और संकटग्रस्त बिक्री को रोकने के उद्देश्य से विभिन्न दलहन-तिलहन फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान बनाया है। प्रदेश के कृषि विभाग ने पहले एकीकृत किसान पोर्टल में ऐसे किसानों के पंजीयन के लिए 1 दिसंबर से 28 फरवरी की तिथि व क्राप सर्वे रिपोर्ट एंट्री करने गिरदावरी पोर्टल 25 मार्च तक खुला रखने का निर्णय लिया था।

### गिरदावरी की एंट्री 25 मार्च को बंद

कृषि संचालक व विभिन्न जिलाधीशों द्वारा डिजीटल क्राप सर्वे का डाटा तकनीकी त्रुटि के कारण अपडेट नहीं हो पाने के फलस्वरूप संबंधित पोर्टल पर कृषक पंजीयन का रकबा, खसरा का प्रविष्टि नहीं होने की जानकारी देते हुये पंजीयन की अवधि बढ़ाने की मांग पर किसान पंजीयन की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गयी। राजस्व विभाग द्वारा किये जाने वाले क्राप सर्वे (गिरदावरी) का एंट्री का निर्धारित तिथि विभागीय लापरवाही के चलते 25 मार्च ही रह गया।

### किसान संघर्ष समिति ने 15 अप्रैल तक खोलने की मांग की

इसकी वजह से 26 से 31 मार्च तक पंजीयन कराने वाले किसानों का डिजीटल क्राप सर्वे का डाटा एंट्री नही हो पाने की जानकारी देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, प्रमुख सचिव विकासशील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन भेज गिरदावरी पोर्टल आगामी 15 अप्रैल तक रबी उत्पादक किसानों के व्यापक हित में पुनः खुलवाने की मांग की है।

### गौण खनिजों की खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाने का प्लान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सुदृढ़ प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार का विशेष ध्यान गौण खनिजों को भी 'खनिज 2.0' प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर रहेगा, जिससे संपूर्ण खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, खनिज परिवहन की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए वीटीएस, आई-चेक गेट्स तथा ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली को और व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में 16,625 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित कर लक्ष्य का 98 प्रतिशत प्राप्त किया है, जो सुशासन, प्रभावी नीति क्रियान्वयन और मजबूत निगरानी व्यवस्था का प्रत्यक्ष परिणाम है।

## पेज 9 के शेष...

### सरहदी गांवों में...

है। क्रेडा विभाग द्वारा देखरेख नहीं करने के कारण सौर ऊर्जा का लाभ ग्रामीणों को महज एक दो घंटा ही मिल पाता है उसके बाद पूरी रात ग्रामीण लालटेन या फिर अंधेरे में जीवन बसर करने मजबूर हो रहे हैं।

**आंदोलन की तैयारी में ग्रामीण-** जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य संजय नेताम ने बताया की राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के बिजली विहीन ग्रामों में बिजली लगाने की मांग को लेकर कई बार आंदोलन चक्काजाम यहां तक की जिला मुख्यालय गरियाबंद तक पदयात्रा कर चुके हैं। उन्होने कहा की इन ग्रामों में बिजली लगाने के लिए आंदोलन की जरूरत पड़ेगी तो फिर आंदोलन किया जायेगा। श्री नेताम ने कहा की वे हमेशा से इस क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष कर रहे है और उनका संघर्ष जारी रहेगा।

### प्रधानपाठक कक्ष...

6 माह में पूर्ण हो जाना था। वह 14 साल बाद भी अधूरा है।जिसकी लागत राशि उस समय 2.50 लाख की स्वीकृति की गई थी। इस मामले में वहां के शिक्षक से चर्चा की तो वे हमें बताने में असमर्थ नजर आए। उनका कहना है कि मैं तो अभी 5 वर्ष से यहां पर बच्चों को पढ़ा रहा हूं किन्तु यह बिल्डिंग तो मेरे आने के पहले से ही अधूरी है। मैं इस बारे में आपको क्या बता सकता हूं।

### रबी धान की...

किसानों के लिए खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक बनकर उभरेगा। बता दें कि चंपारण सहित समूचे राजिम क्षेत्र में प्रगति और उन्नतशील सक्षम किसानों ने अपने संसाधन से रबी फसल धान लगाया हुआ है जो खेतो में लहलहा रही है। ग्रीष्मकालीन इस धान की फसल का निरीक्षण करने किसानो को रोज खेतो में पहुंचना होता है कि कही पानी तो कम नही है, तो कही कीट प्रकोप का हमला तो नही हो रहा है बहरहाल अभी तक की स्थिति में फसल पूरे सोलह आने नजर आ रहे है।

**खबर संक्षेप**



### तेंदूपत्ता का पखवाड़े भर में शुरू होगा संग्रहण कार्य

**मैनपुर**। वनोपज में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला तेंदूपत्ता की फसल तैयार होने लगी है और आगामी एक पखवाड़े में तेंदूपत्ता की तोड़ाई कार्य भी प्रारंभ होने की संभावना है। ज्ञात हो कि पूरे गरियाबंद जिले में मैनपुर तौरेंगा क्षेत्र के तेंदूपत्ता अपने बेहतरीन गुणवत्ता के लिए जाना जाता है यहां के तेंदूपत्ता अत्यधिक कीमत पर बिक्री होती है जिसके कारण तेंदूपत्ता संग्रहको को बोनस के रूप में ज्यादा आय भी प्राप्त होती है। मैनपुर क्षेत्र के जंगलो में तेंदुपत्ता की बहार आने लगी है।

### साहू संघ आईटी सेल की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित



**राजिम**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू एवं आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आईटी सेल प्रकोष्ठ में मनीष साहू को प्रदेश प्रभारी महामंत्री एवं नवापारा के डॉ.लीलाराम साहू को प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है।

### घोयनाबाहरा में संत कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष



महासमुंद। खल्लारी क्षेत्र के ग्राम घोयनाबाहरा में आयोजित संत माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। साहू ने माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज की एकता व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान घोयनाबाहरा ग्रामीण साहू समाज के प्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने साहू का स्वागत किया। अपने संबोधन में नपाध्यक्ष ने सामाजिक एकता, आपसी सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा समाज अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज के इष्ट देवी देवताओं के आशीर्वाद से साहू समाज पूरे छग में अपनी विशेषता के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने संत माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं समाजजनों को दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, युवा व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**अधिवेशन : रांवड़ में मरार पटेल समाज का वार्षिक अधिवेशन**

# मेहनतकश पटेल मरार समाज छत्तीसगढ़ का है गौरव : इंद्राणी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम रांवड़ में मरार पटेल समाज राजिम राज के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि मरार पटेल समाज मेहनत कस समाज है। यह समाज अपनी कड़ी मेहनत से धरती को हरा भरा बनाकर, प्रकृति को संरक्षित करने का कार्य करता है साथ ही संगठित होकर आगे बढ़ रहा है। कहा कि सामाजिक समस्याओं का समाधान मिलजुल कर सामंजस्य बनाकर करे। अध्यक्षता कर रहे राज अध्यक्ष तेजराम पटेल ने कहा कि समाज में खर्चीली विवाह को रोकने, विधवा पुनर्विवाह पर जोर, मृत्यु के समय सहयोग राशि देने, दुख के समय सात्विक भोजन, सामाजिक कार्यक्रमों में नशा पर रोक लगाने जैसे अनेक सुधारात्मक कार्य किया जा रहा है। विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल ने कहा कि महान समाज सुधारक ज्योतिबा सावित्री फूले हमारे समाज की बेटी है और भारत की प्रथम शिक्षिका होने का गौरव उन्हें प्राप्त है। समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर उन्होने विशेष जोर दिया गया। संचालन हेमलाल पटेल ने और आभार सचिव नारायण पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पटेल, उपाध्यक्ष गणपत पटेल, दामोदर पटेल, थूकेल पटेल संरक्षक सुखराम पटेल, विनोद पटेल, सुमेर पटेल, कार्यालय सचिव भूखन पटेल, कमल पटेल, नोहर पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, तहसील अध्यक्ष नन्द पटेल, पार्षद सुरेश पटेल, अजय पटेल सहित, बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी शामिल हुए।

**प्रतिभाओं और बुजुर्गों का सम्मान**

अधिवेशन के दौरान अतिथियो सहित समाज के लोगो ने सबसे पहले समाज की आराध्य देवी मां शाकंभरी की पूजा अर्चना किए। चर्चा के दौरान समाज के लोगो ने रोटी-बेटी प्रकरण का निराकरण, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व बुजुर्गों तथा प्रत्येक गांवों के समाज प्रमुखों का सम्मान कर समाज विकास पर मंथन और चिंतन किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल, प्रदेश अंकेक्षक फिरंगी पटेल, प्रदेश कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डेहर पटेल, जिला अध्यक्ष बिष्णु पटेल, जनपद सदस्य पूजा मुकेश भारती, सरपंच माधुरी हलधर साहू, उपसरपंच तामेश्वरी सोनी, सचिव नारायण पटेल, कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल उपस्थित थे।

# भाजपा स्थापना दिवस आज घर-घर लहराएगा कमल ध्वज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भाजपा मंडल फिंगेश्वर में 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के मनाने को लेकर बैठक में मंडल प्रभारी एवं प्रदेश सहसंयोजक भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ मुरलीधर सिन्हा ने शामिल हुए और कहा कि कहा कि 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पार्टी की स्थापना दिवस पूरे उत्साह एवं लगन से मनाना है जिसके चलते घर घर मे कमल ध्वज लहराना है। उन्होंने आगे कहा कि स्थापना दिवस को लेकर 5,6 एवं 7 अप्रैल तीन दिनों तक झालर,दीप,रंगोली से सजावट किया जावेगा,सभी पार्टी कार्यालयों में भाजपा का ध्वजारोहण, पार्टी विकास पर उदबोधन, मिष्ठान, शरबत आदि बांटना है। भाजपा मंडल प्रभारी मुरलीधर सिन्हा ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में पार्टी का ध्वज (झण्डा) फहराये और सेल्फी, फोटो लेकर सोशल मीडिया प्रचार प्रसार करें एवं भाजपा के सरल पोर्टल में शेयर करें जिसे हैशटैग ''47 यीयर आफ नेशन फर्स्ट करें''। 7 अप्रैल, 12 अप्रैल से गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा जिसमें नगरी निकाय एवं ग्राम पंचायत से सभी जनप्रतिनिधियों सहित विधायक, सांसद,निगम, मंडल, बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित संगठन के सभी स्तर के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं वरिष्ठ नेता रामूराम साहू, भाजपा के इतिहास और संगठन विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमति मंजुलता हरित ने भाजपा के स्थापना दिवस दिए गए कार्यक्रम को सफल बनाने भरसक प्रयास करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू और पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री प्रेमलाल टोडर, मंडल उपाध्यक्ष जनक श्रीवास, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता मिंजुन साहू, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष हरित सहित पदाधिकारी हुए शामिल।



### गुरुनारायण ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**मैनपुर**। भाजपा मंडल मैनपुर के बैठक विश्रामगृह में आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा के मैनपुर प्रभारी गुरूनारायण तिवारी ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 06 अप्रेल से पार्टी के स्थापना दिवस के साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए है जिसमें सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को शामिल होना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, घनश्याम मरकाम,बाबूलाल साहू, रामदास वैष्णव, यमराज ओटी, सरीता ठाकुर, सुहागा पाड़े दिनेश शर्मा, डाकेश्वर नेगी, उपेन्द्र साहू नीतू ध्रुव, मोहन कुशवाहा, दुलार सिन्हा, किशोर यदु, लखनगिरी गोस्वामी, रामजी साहू, मनोज निर्मलकर, तुलसी राठौर, अजय बघेल, कोमल सोनवानी, महेन्द्र सोनी, गोविंद नायक, नंद किशोर चौबे दया शंकर सोरी, दैनिक मंडावी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# संगठन की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता : सोनटेके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



भाजपा स्थापना दिवस पर बिंद्रानवागढ़ मंडल की रणनीति तैयार

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार 6 अप्रैल को मनाए जाने वाले भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बिंद्रानवागढ़ मंडल की कार्ययोजना बैठक जिला कार्यालय गरियाबंद में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में मंडल प्रभारी सुरेन्द्र सोनटेके ने स्थापना दिवस के कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मंडल के वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, योजनाओं और आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के चयनित 50 बड़े ग्रामों में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव और बस्तियों में पहुंचकर आमजन से संवाद करेंगे, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिले के सभी बूथों में भाजपा का स्थापना दिवस उत्साह और गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर बूथ स्तर पर ध्वजारोहण, संगठन के इतिहास एवं विचारधारा पर चर्चा तथा कार्यकर्ताओं का सम्मान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी सुरेन्द्र सोनटेके ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक बूथ में कार्यक्रम आयोजित कर संगठन के इतिहास और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। साथ ही "गांव चलो, बस्ती चलो अभियान" और सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

# पेंशनर समाज के सम्मेलन में पहुंचीं सांसद सभा कक्ष के लिए 5 लाख की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा छुरा जिला गरियाबंद द्वारा सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन नगर के मानस मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि महासमुंद लोकसभा के सांसद रुपकुमारी चौधरी तथा अध्यक्षता शंकर सिंह ध्रुव ने किया। विशेष अतिथि के रूप में खोमन चंद्राकर भाजपा मंडल छुरा के अध्यक्ष, केशरी ध्रुव उपाध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद, चेतन भारती प्रांतीय अध्यक्ष पेंशनर समाज रायपुर, केशर कुमार निर्मलकर अध्यक्ष गठियाबंद, टीकम सिंह कपिल अध्यक्ष पेंशनर समाज मैनपुर तथा हरिनारायण त्रिवेदी संरक्षक पेंशनर समाज छुरा उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि सांसद रुपकुमारी चौधरी नेसेवानिवृत्त तथा वरिष्ठ नागरिकों को माता-पिता तुल्य मानते हुए उनकी समस्याओ के समाधान के लिए तत्पर रहने की बात कही। धारा 49(6) के अंतर्गत पेंशनरों को मंहगाई राहत के लिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार को एक दूसरे से अनुमति लेने की बात को उचित नही कहा। पेंशनर समाज छुरा की मांग पर उदारता पूर्वक विचार करते हुए छुरा नगर में पेंशनरों के लिए सभा कक्ष निर्माण हेतु पांच लाख रुपये सांसद मद से स्वीकृत किया। कार्यक्रम में मुख्यरुप से प्रांतीय प्रतिनिधि श्याम नायडू, संतोष शुक्ला, गरियाबंद से जीआर लोधी, केशव साहू, महेश्वर प्रसाद दुबे, नोहर सिंह वर्मा, एसआर बरिहा, रामस्वरूप साहू, चिन्ताराम सिन्हा, धनीराम यदु, सुखीराम निषाद, संतुराम यदु , गंगाराम नेताम, सुखीराम साहू बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।



# बदला मौसम का मिजाज सुबह बारिश-दोपहर में धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



अप्रैल माह के इस रविवार को मौसम ने अचानक करवट बदल ली और लोगों को चौंका दिया। सुबह से ही आसमान पर घने बादल छा गए जिससे वातावरण में अंधेरा सा छा गया। देखते ही देखते कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। यह बारिश करीब डेढ़ से दो घंटे तक लगातार होती रही, इस दौरान आसमान में बिजली चमकने लगी और बादल गरजने लगा। बादलों की गड़गड़ाहट से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सावन-भादो का मौसम फिर से लौट आया हो। इस अचानक हुई बारिश का असर जनजीवन पर साफ दिखाई दिया। रविवार का दिन होने के कारण आमतौर पर लोग बाजारों में खरीदारी के लिए निकलते हैं- खासकर सब्जी और घरेलू सामान के लिए। लेकिन सुबह से जारी बारिश ने लोगों की दिनचर्या को थाम दिया और अधिकांश लोग साढ़े दस बजे तक अपने घरों में ही कैद रहे। हालांकि, लगभग ग्यारह बजे के पहले मौसम ने फिर से करवट ली और बादल छंटने लगे। सूर्यदेव के दर्शन होते ही वातावरण में बदलाव महसूस होने लगा। कुछ ही देर में हल्की हवाएं चलने लगी, जो कभी ठंडी तो कभी गर्म एहसास करा रही थी। इस मिश्रित मौसम ने लोगों को कुछ समय के लिए राहत भी दी और असमंजस में भी डाले रखा। दोपहर होते-होते एक बार फिर तेज धूप ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया और तापमान में बढ़ोतरी महसूस होने लगी।

**स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह-** इस तरह एक ही दिन में मौसम के कई रूप देखने को मिले-सुबह बारिश, बीच में ठंडी-गर्म हवाओं का मिश्रण और दोपहर में चिलचिलाती धूप। मौसम के इस अचानक बदलाव ने लोगों को सतर्क रहने का संकेत दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के उतार-चढ़ाव वाले मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि इससे सर्दी-खांसी और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। बता दें कि एक दिन पहले शनिवार को गरियाबंद जिले के कुछ हिस्से में बारिश होने की खबर है और इसके ठीक दूसरे दिन रविवार को सुबह से ही राजिम क्षेत्र में बारिश होने लग गई। बारिश का पानी बाजार में भर गया और सड़को पे धार चलने लगी जो शाम होते-होते सुख गई। अचानक इस तरह से मौसम के बदलाव से लोग अचंभित है।

### ब्लॉक कांग्रेस का सम्मान समारोह व बैठक

# अंशुल तिवारी ने साथियों के साथ थामा कांग्रेस का दामन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्थानीय राजमहल प्रांगण में शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं संगठनात्मक बैठक गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। 'संगठन सृजन अभियान' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जहाँ नवगठित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया, वहीं आगामी चुनावों को लेकर रणनीति भी तैयार की गई। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण छुरा के युवा नेता अंशुल तिवारी का कांग्रेस प्रवेश रहा। उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अंशुल ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा से सदैव प्रभावित रहे हैं और अब सक्रिय रूप से जुड़कर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करेंगे। उनके प्रवेश से स्थानीय संगठन में नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है।

**सरकार पर बरसे अमितेश शुक्ल-** मुख्य अतिथि एवं पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में वर्तमान में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक तानाशाही का बोलबाला है। उन्होंने कहा- आज किसान, मजदूर और आम जनता महंगाई से त्रस्त है। रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी लोगों को कतारों में लगना पड़ रहा है। कांग्रेस का जमीनी कार्यकर्ता ही जनता की इस लड़ाई को मजबूती से लड़ेगा।

**बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती-** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही चुनावी जीत की असली कुंजी है। ब्लॉक अध्यक्ष माहेश्वरी शाह ने छत्तीसगढ़ की पहचान धान का कटोरा को बचाने और स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों का पुष्पमाला एवं शॉल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हरीश यादव ने किया और आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष सलीम मेमन ने किया। आयोजन में मंजू ध्रुव (जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस), नीरज ठाकुर, मेघराम बघेल, रमेश शर्मा, प्रहलाद यदु, राजकुमारी सोनी, समीर खान (उपाध्यक्ष नगर पंचायत), आकाश दीक्षित सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मेडिकल रिकॉर्ड किए जा रहे नष्ट मरीज ले सकते है प्रतिलिपि

**बसना**। अग्रवाल नर्सिंग होम, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बसना द्वारा वैधानिक नियमों के तहत वर्ष 2019 एवं 2020 के सभी मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट किए जा रहे हैं। जिन मरीजों अथवा उनके परिजनों को मेडिकल रिकॉर्ड की प्रतिलिपि आवश्यक है, वे 30 अप्रैल 2026 तक अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त करने के लिए मरीज से संबंधित उचित जानकारी एवं आवश्यक अनुमति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि निर्धारित तिथि के भीतर अस्पताल में आकर अपने मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त कर लें। 30 अप्रैल 2026 के बाद सभी रिकॉर्ड स्थायी रूप से नष्ट कर दिए जाएंगे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर मानसकारों का सम्मान



**राजिम।** छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों में शुमार श्री तुलसी के राम मानस परिवार राजिम ने मानस के क्षेत्र में अदभुत पहल करते हुए अंचल के तीन मानसकारो को शाल,श्रीफल,स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए/"मानस गौरव सम्मान 2026 से अलंकृत किया। सम्मानित होने वाले मानस पथिको में दशरथ साहू,रोहित साहू, भुनेश्वर पांडेय थे। धनेश ध्रुव, भारत साहू ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव पर इस तरह की परिकल्पना मन को सुकून प्रदान करती है। इस अवसर पर मंडली के अभिषेक साहू, भूपेंद्र सोनकर,राजू, डिगेन्द्र ध्रुव, पुरुषोत्तम साहू एवं मंदिर प्रबंध समिति एवं सेमरावासियों की महती भूमिका रही। सभी प्रकार के मनोकामना पूर्ति के लिए प्रसिद्ध सिद्ध शक्ति पीठ हनुमान डीपरा सेमरा में भव्य मानस गान एवं सुंदरकांड का आयोजन विभिन्न मानस मंडलियों के माध्यम से हुआ।

### सब इंस्पेक्टर पद पर चयनित भोजराम ध्रुव का स्वागत



**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जरगांव निवासी आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के राज्य अध्यक्ष शिवदर्शन ध्रुव के नाती भोजराम ध्रुव के सब इंस्पेक्टर पद पर चयनित होने पर ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच रूपऊ राम ध्रुव ने भोजराम ध्रुव को तिलक लगाकर अभिनंदन किया और कहा कि यह पूरे आदिवासी समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत और लगन से ही इस प्रकार की सफलता प्राप्त होती है, जिससे समाज के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रथम बार गृह आगमन पर भोजराम ध्रुव को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान उपसरपंच टिकेन्द्र कुमार साहू, पंच हीरा सिंह ध्रुव, भारत विश्वकर्मा, हरि साहू, निर्मला ध्रुव, सोनिका टाण्डे, दौलत राम ध्रुव, परमिला फुलकुंवर, घासिन बाई, प्रेमनारायण ध्रुव, देशबाई दादी, परमेश्वरी माता, पंचायत सचिव धनेश साहू, बहन चुनेश्वरी, तिलक राम सहित परिवार एवं ग्राम के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मां शीतला के चरणों में हीरा जड़ित चांदी का नेत्रदान



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव की नगर कुलदेवी मां शीतला के चरणों में नगर के वरिष्ठजन स्व.जीवन लाल पुरैना की स्मृति में उनके पुत्र वीरेंद्र पुरैना इंडियन आर्मी व उनके परिजन द्वारा हीरा से जड़ित चांदी का नेत्र दान किया गया है।

**बैठक :** भाजपा स्थापना दिवस को लेकर मंडल स्तरीय बैठक, संगठन की मजबूती पर जोर

# बूथ स्तर पर सशक्त संगठन ही भाजपा की वास्तविक ताकत : चंदूलाल साहू





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर राजिम मंडल स्तरीय कार्ययोजना की बैठक में विशेष रूप से पहुंचे पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का दिन है। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाने का अवसर है। कहा कि पार्टी की विचारधारा एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बूथ स्तर पर सशक्त संगठन ही भाजपा की वास्तविक ताकत है, इसे मजबूती प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला महामंत्री एवं राजिम मंडल प्रभारी आशीष शर्मा ने कहा कि स्थापना दिवस को लेकर मंडल एवं बूथ स्तर पर सुनियोजित कार्ययोजना के तहत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने गांव चलो बस्ती चलो अभियान के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया। कहा कि कार्यकर्ता अनुशासन एवं समर्पण के साथ काम करे। पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने कहा कि भाजपा का इतिहास त्याग, तपस्या और सेवा से परिपूर्ण है। स्थापना दिवस के अवसर पर हमें संगठन की जड़ों को और मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। कहा कि बूथ स्तर पर सक्रियता ही संगठन की सफलता की असली कुंजी है, लिहाजा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। कार्यक्रम में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि स्थापना दिवस के कार्यक्रमों को जनसहभागिता से जोड़ना आवश्यक है। झंडा वितरण, स्वच्छता अभियान एवं जनसंपर्क को प्रभावी ढंग से आयोजित करने कहा और भाजपा की हरेक योजनाओं तथा उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### अपने दायित्वों का निर्वहन करें

राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मंडल स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और प्रत्येक बूथ तक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पूरी सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और स्थापना दिवस को ऐतिहासिक रूप में उत्साह एव उमंग से मनाएं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया एवं आभार रेणुका साहू ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, उपाध्यक्ष नारायण साहू, कमल नारायण देवांगन, शकुन साहू, भारत सिन्हा, राजेश परमार, लोकेश सोनी, मीना ध्रुव, रोमन बंजारे, यथार्थ शर्मा, डोमार ध्रुव, कांति सोनकर, अखिलेश गुप्ता, शिव साहू, यशवंत साहू, देवचंद साहू, संजीव साहू, राजकुमार साहू, मदन साहू, जीवन साहू, छत्रपाल साहू, छेरकू वर्मा, गोविंद साहू, बुधराम,अखिलेश गुप्ता, मनीष शर्मा, युवराज साहू, मुकेश साहू, दौलत साहू, जगत साहू, जयलाल साहू, दिलीप पटेल, विष्णु पटेल, लोकेश साहू, रविंद्र ध्रुव, मधु नत्थानी,आनंद साहू, भूषण धीवर, मोती साहू, गोपीचंद बनर्जी, श्याम साहू, ओम प्रकाश रात्रे, भागवत साहू, तुकाराम तारक, मंगतू राम साहू, दिनेश कुमार, नंद विश्वकर्मा, पोषण साहू, विजय यादव, सत्यनारायण धीवर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा की स्थापना दिवस हर बूथ में मनाया जाएगा : पंडित योगेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस भव्यता से मनाने के लिए गोहरापदर मंडल की बैठक स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में आहूत की गई। सर्वप्रथम भारत माता, डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुभारंभ पर पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, गोहरापदर मंडल प्रभारी योगेश शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री पुनीत राम सिन्हा, मंडल अध्यक्ष भोजराज सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल के प्रभारी एवं जिला के प्रशिक्षण प्रमुख योगेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को जिला मंडल मुख्यालय सहित हर बूथ में मनाना है एवं प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने घरों में पार्टी का ध्वज फहराएंगे 07 से 12 अप्रैल गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत सभी जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां को बताएंगे साथ ही सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से भी चर्चा करेंगे 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 13 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के परिसर में साफ सफाई एवं 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी जीवन गाथा देश के प्रति समर्पण को याद करना है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को अपने पाटएँ के निर्धारित कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा के साथ संपन्न करना है एवं केंद्र सरकार राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुचाना है। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला महामंत्री पुनीत राम सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष भोजराज सिन्हा, मंडल महामंत्री लंबोदर साहू, मोहित यादव, उमरिया नागेश, डमरूधर यादव, तुलसी, निधि, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, राजेंद्र यादव, देवानंद पाथर, पद्मन नागेश, उत्तम सिंह, प्रकाश कश्यप, वेद प्रकाश सोनवानी, कीर्तन यादव सहित बूथ के अध्यक्ष का शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मोहित यादव ने किया।

## विलुप्त होती गौरैया को बचाने वन विभाग की अनूठी पहल, बच्चों को बांटे गए कृत्रिम घोंसले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद वनमंडल अन्तर्गत मैनपुर वनपरिक्षेत्र में गौरैया के संरक्षण के लिए स्कूल के सैकड़ो छात्र-छात्राओं को घोसले का वितरण किया गया। गरियाबंद डीएफओ शशीगानंद के निर्देश पर एसडीओ मनोज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं अन्य विद्यालय के बच्चों को घोसले का वितरण किया गया यह वन विभाग का अनुठा प्रयास है निं"चत रूप से इसका लाभ आने वाले समय में देखने को मिलेगा। मैनपुर एसडीओ मनोज चन्द्राकर ने कहा विलुप्त होते गौरैया पक्षी को बचाने और उनके संरक्षण के लिए यह बेहद जरूरी है उन्होने कहा घर के आंगन में चहकने वाली नन्ही गौरैया पक्षी के संरक्षण में अब हमारे बच्चे भी आगे आए है पक्षियों के लिए केवल घोसले रखने से ही कुछ नही होगा इसके लिए इस गर्मी के दिनों में जगह–जगह मिट्टी के बर्तन में पानी भी रखान होगा।उन्होने आगे कहा अगर आपको रेगुलर अपने आस–पास यह पक्षी दिख रही है तो आप लकी हैं इनके लिए दाना–पानी की व्यवस्था करें। खराब दाना न डालें गौरैया किसान की साथी भी है फसलों में लगने वाले कीड़ों को खाकर यह मदद करती है पहले घर कच्चे होते थे, पेड़ पौधे, पूस की छान, मोखले–जंगले, रोशनदान, छीकें और खुली खिड़कियां गांव–कस्बों में होती थीं खुले चौक होते थे, चिड़िया आराम से आंगन में उतरती थी आज घरों में एसी हैं घर पैक हो गए घरों में पंखे चलते हैं जिनसे टकराकर यह चिड़िया मर जाती है शहरों में घर–फ्लैट में ऐसा कोई हिस्सा नहीं बन रहा जहां चिड़िया अपना बसेरा बसा सके एक कोना तो ऐसा हो जहां गौरैया आए, रुके, उसे दाना–पानी और छाया मिले, वह अपना घोंसला बना सके। इस दौरान बच्चों ने गौरैया संरक्षण में उत्साह दिखाया।



## मानसगान सम्मेलन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भजनों की धुन पर झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा



क्षेत्र के ग्राम जेंजरा मे छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय श्री राम चरित्र मानस गान सम्मेलन का पांच अप्रैल से पांच अप्रैल कों बुजुर्ग रामायण समिति एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा आयोजित किया गया था प्रथम दिवस धूमधाम से कलश यात्रा गांव की गलियों पर निकल गया था जहां भारी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए, तत्पश्चात द्वितीय दिवस पर खैरागढ़ कवर्धा और उड़ीसा जैसे स्थान से रामायण मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व नेताओं का भी आवागमन लगा हुआ था तृतीय दिवस पर महासमुंद धमतरी रायपुर गरियाबंद जिले के महिला व पुरुष तथा बालिका मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को रामायण का रसपान कराया इस दौरान भारी संख्या में गांव के लोग गांधी चौक पहुंचकर रामायण का ध्यान किया और अपने आत्मा को प्रसन्न किया सभी अतिथियों व ग्रामीणों के लिए विशाल भोग भंडारा कभी आयोजन आयोजक समिति और समस्या ग्रामवासी द्वारा रखा गया था यंत्र श्रद्धालु कथा श्रवण के बीच-बीच में भजन प्रस्तुति का भी आनंद ले रहे थे। इस दौरान संध्या बेला पर तृतीय दिवस में शारदा बालिका मानस मंडली भरदा गोड़ खैरागढ़ ने अपनी प्रस्तुति पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया शानदार प्रस्तुति से लोग भाव विभोर हो गए और झूम उठे क्षेत्र के जिला पंचायत जनपद सदस्य सरपंच, पंच और वरिष्ठ गणमनीय लोगों का आत्मीय स्वागत हुआ। सरपंच बोधन राम यादव, जनपद सदस्य हिरामनी साहू, पूर्वसरपंच जीवराखन साहू, पुरन्दर साहू, पंच हुलास साहू, घनश्याम साहू, शोभा राम साहू, चंदु राम वर्मा, राधेलाल साहू, नागेन्द्र साहू, तिलक राम, जीवन साहू, समस्त बुजुर्ग रामायण समिति शामिल थे।

## गुरु घासीदास ने भेदभाव मिटाने का काम किया : धनेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवागांव-कठिया में आयोजित सतनाम प्रचारक नवयुवक समिति के त्रिदिवसीय अखंड नमायन समारोह में द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने पूज्य गुरु घासीदास जी को नमन कर संबोधित करते हुए कहा कि संत गुरु घासीदास जी छत्तीसगढ़ के पावन धरा में जन्म लेकर प्रदेश एवं देश के मानव समाज को अपने सत वाणी ,त्याग ,तपस्या के माध्यम से जगाने का काम किया है। जो सर्व समाज के मानव को धर्म के मार्ग मे चलने के लिए प्रेरित करता है। श्री साहू ने कहा कि संत गुरु घासीदास जी ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर भेदभाव को मिटाने का कार्य किया जो मानव समाज में एकता भाईचारा एवं सदभाव को सामंजस्य बनाकर एक सूत्र में पिरोने का कार्य हो रहा है। आज वर्तमान समय में आने वाले पीढ़ी को संस्कार के साथ-साथ सादा जीवन उच्च विचार के लिए धर्म मंच ही एक ऐसा स्थान है जो मानव समाज को जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। लेकिन आज निजी स्वार्थ के लिए देश दुनिया में धर्म ,जाति ,संप्रदाय के नाम पर बाँटने एवं जहर घोलने का कार्य किया जा रहा है जो सविंधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान एवं हमारे आने वाले भविष्य के नई पीढ़ियो के लिए अंधकार साबित हो सकता है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डामन साहू, राधेश्याम बंजारे, चेतन यदु, आजुराम साहू, नंदकुमार साहू, धन्नू नेताम, रमेश साहू, प्रीतम बंजारे, केदार डांडे, टानिक कुर्रे, भूपेंद्र खांडे, फिरोज कोशले, हिमांचल कुर्रे, राजू सोनवानी, कमलेश कोशले, गोवर्धन कोशले, मनमोहन डांडे, चंद्रहास कोशले सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। प्रारंभ में जैसे ही पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू पहुंचे वैसे ही समाज के लोगो एवं ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।



## हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल ने आयोजित किए भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)



छुरा विकास खंड के ग्राम कसेकेरा में 2 अप्रैल को बजरंग दल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गांव के बाजार चौक स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के सदस्यों द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हनुमान चालीसा पाठ से हुई, जो दोपहर तक चला। इसके पश्चात दोपहर बाद सुंदरकांड पाठ एवं भगवान श्रीराम चरित मानस का संगीतमय गायन किया गया। देर रात्रि तक भव्य झांकी का आयोजन भी किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में बजरंग दल के अध्यक्ष डीगेश कुमार साहू सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

**राज्यस्तरीय श्रीराम चरित मानसगान सम्मेलन ने बांधा समां**

# मोह-माया के आवरण में छिपा ईश्वर का प्रकाश, बोध ही मुक्ति का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

पैरी नगर कोपरा में 2 से 5 अप्रैल तक आयोजित राज्यस्तरीय श्रीराम चरित संगीतमय मानसगान सम्मेलन इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर है। नगरवासियों के सहयोग से पहली बार आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आई ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सम्मेलन के दूसरे दिन रात्रिकालीन सत्र में अदिति हर्षा बालिका मानस मंडली, बागबाहरा की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंडली की व्याख्याकार सोनिया साहू (एम.ए. छात्रा) ने अरण्यकाण्ड दोहा क्रमांक 15 ईश्वर जीव भेद प्रभू, सकल कहौं समुझाइ।







### कुशल संचालन और सामूहिक सहयोग

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में महेश साहू, संतोष साहू, कौशल साहू, थानेश्वर साहू, राजेंद्र निषाद, तोरण लाल साहू, कमलराम साहू, लेखराम साहू, दिनेश साहू, रेखन चक्रधारी, जगन्नाथ चक्रधारी, गोवर्धन साहू, नकुल साहू, छन्नू साहू, गोविंद पंडा, नंदकुमार साहू, ईश्वर साहू, इमन साहू सहित जय अखरदेव युवा शक्ति संगठन, पैरी नगर कोपरा का विशेष योगदान रहा। पैरी नगर कोपरा में पहली बार आयोजित यह राज्यस्तरीय मानसगान सम्मेलन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि समाज में आध्यात्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक एकता का संदेश भी प्रसारित कर रहा है।

जाते होइ चरण रति, सोक मोह भ्रम जाइ। पर अत्यंत सरल और प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने मोह-माया के जाल को समझाने के लिए पारस पत्थर और लोहे की पेटी का सजीव उदाहरण दिया। सोनिया साहू ने बताया कि जैसे पारस पत्थर के संपर्क में आकर लोहा सोना बन जाता है, लेकिन यदि वह पत्थर कागज में लिपटा हो और बंद पेटी में रखा हो तो उसका प्रभाव नहीं दिखता, ठीक उसी प्रकार मनुष्य भी मोह-माया रूपी आवरण में बंधा होने के कारण ईश्वर से दूर रह जाता है। उनके इस उदाहरण ने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया और पूरे पंडाल में उनकी प्रस्तुति की सराहना हुई।

**विभिन्न मानस मंडलियों की प्रस्तुतियां-** कार्यक्रम में तुलसी के राम मानस मंडली, राजिम, लावण्या निधि मानस मंडली, सेंम्हरतरा, शारदा मानस परिवार, भरदागोड (खैरागढ़), शिव गंगा मानस मंडली, तौरेंगा, हे शारदे मां बाली मानस मंडली, कवर्धा, श्रीराम चरित मानस परिवार, खलना (उड़ीसा), सत्संग सरिता मानस परिवार, हसदा, श्रीराधे मानस परिवार, रायपुर, संजीवनी बालिका मंडली, घुटकू नयापारा, शोर संदेश मानस प्रचार समिति, खैरझीटी तथा ममतामई महिला मानस मंडली, डोंगरगढ़ सहित अनेक मंडलियों ने अपनी भक्ति-भाव से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मुन्नालाल देवदास द्वारा किया जा रहा है, जिनकी प्रभावी शैली ने पूरे आयोजन को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया।

